संख्याः 2-273/2026-हि0प्र0वि0वि0(सामान्य)
हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
"सामान्य प्रशासन शाखा"

प्रेषित,

1. आचार्य महावीर सिंह, माननीय कुलपति, हि.प्र.वि., शिमला-5
2. आचार्य राजेन्द्र वर्मा, माननीय प्रति-कुलपति, हि.प्र.वि., शिमला-5
3. श्री हरीश जनारथा, माननीय विधायक-विधान सभा, शिमला शहरी, हि.प्र.
4. आचार्य सत्येन्द्र प्रताप सिंह, उत्तरायण, प्लॉट नं. 204, पॉम पेराडाईस, चिडियाघर के पास, गोरखपुर, उ.प्र.- 273 016
5. आचार्य (डॉ.) मोहन झारटा (सेवा निवृत्त), सेट नं.-7, शिक्षक आवास, जतोग दृश्य, हि.प्र.विश्वविद्यालय, समरहिल, शिमला-5
6. प्रधान सचिव (वित्त), हि.प्र. सरकार, शिमला-2 (alongwith Supplementary Agenda and on spot items)
7. सचिव (शिक्षा), हि.प्र. सरकार, शिमला-2 (alongwith Supplementary Agenda and on spot items)
8. निदेशक, उच्चत्तर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-1
9. आचार्य श्याम लाल कौशल, HPUBS, हि.प्र.वि., शिमला-5
10. आचार्य देस राज ठाकुर, अधिष्ठाता, जीवन विज्ञान, हि.प्र.वि., शिमला-5
11. डॉ. सुशील कुमार बस्सी, प्रधानाचार्य, रा. महाविद्यालय, नदौन, जिला हमीरपुर।
12. डॉ. बलजीत सिंह पटियाल, प्रधानाचार्य, एम.सी.एम. डी.ए.वी. महाविद्यालय, कांगडा-176001
13. डॉ. भूपिन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य, रा. महाविद्यालय, ठियोग, जिला शिमला।
14. डॉ. संजीव कुमार बरागटा, सह-आचार्य (राजनीतिक शास्त्र), हि.प्र.वि. सांध्याकालीन अध्ययन विभाग, शिमला-1
15. श्री सुरेश कुमार वर्मा, अधीक्षक ग्रेड-II स्थापना शाखा, हि.प्र.वि., शिमला-5

दिनांकः शिमला-5, 10 JUL 2026

विषयः- कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2026 की द्वितीय नियमित बैठक की कार्यवाही।

महोदय,

कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2026 की द्वितीय नियमित बैठक जोकि दिनांक 27.06.2026 को प्रातः 10:45 बजे कुलपति कार्यालय के समिति कक्ष में सम्पन्न हुई की कार्यवाही आपके अवलोकनार्थ एवं पुष्टिकरण हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

कुलसचिव
सदस्य-सचिव

पृष्टांकन संख्याः सम । दिनांकः 10 JUL 2026

प्रतिलिपि कार्यवाही की प्रति सहित सूचनार्थ प्रेषित हैः-

1. सचिव, कुलाधिपति महोदय एवं माननीय राज्यपाल, हि.प्र. लोक भवन, शिमला-2 (alongwith Supplementary Agenda and on spot items)
2. अधिष्ठाता अध्ययन/छात्र कल्याण/मुख्य छात्रपाल/निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र/ वित्त अधिकारी/ परीक्षा नियंत्रक, हि.प्र.वि., शिमला-5
3. समस्त संकायों के अधिष्ठाता/ समस्त अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्ष, हि.प्र.वि., शिमला-5
4. संयुक्त परीक्षक, स्थानीय राज्य लेखा परीक्षा विभाग/ उप-कुलसचिव (स्था.), हि.प्र.वि., शिमला-5
5. प्राचार्य, हि.प्र.वि. सांध्यकालीन अध्ययन विभाग, शिमला-1
6. सचिव-कुलपति/विशेष निजी सचिव-कुलपति एवं प्रति कुलपति, हि.प्र.वि., शिमला-5
7. प्रभारी, वैब-साईट, हि.प्र.वि., शिमला-5 को उपरोक्त कार्यवाही को विश्वविद्यालय वैब-साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
8. सहायक कुलसचिव (कुलपति कार्यालय), हि.प्र.वि., शिमला-5.
9. रक्षक मिसिल।

कुलसचिव

# कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2026 की द्वितीय नियमित बैठक की कार्यवाही

दिनांक: 27.06.2026

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय,

शिमला–171005

2026

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय
'सामान्य प्रशासन शाखा'

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2026 की द्वितीय नियमित बैठक की कार्यवाही जो दिनांक 27 जून, 2026 को प्रातः 10:45 बजे आचार्य महावीर सिंह, माननीय कुलपति, हि.प्र. विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-

1. आचार्य महावीर सिंह, माननीय कुलपति, हि.प्र.वि., शिमला-5
2. आचार्य राजेन्द्र वर्मा, माननीय प्रति-कुलपति, हि.प्र.वि., शिमला-5
3. श्री हरीश जनारथा, माननीय विधायक-विधान सभा, शिमला शहरी, हि.प्र.
4. आचार्य (डॉ.) मोहन झारटा (सेवा निवृत), सेट नं.-7, शिक्षक आवास, जतोग दृश्य, हि.प्र. विश्वविद्यालय, समरहिल, शिमला-5
5. सचिव (शिक्षा), हि.प्र. सरकार, शिमला-2
6. निदेशक, उच्चत्तर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला-1
7. आचार्य श्याम लाल कौशल, HPUBS, हि.प्र.वि., शिमला-5
8. आचार्य देस राज ठाकुर, अधिष्ठाता, जीवन विज्ञान, हि.प्र.वि., शिमला-5
9. श्री सुशील कुमार बस्सी, प्रधानाचार्य, रा. महाविद्यालय, नदौन, जिला हमीरपुर।
10. डॉ. बलजीत सिंह पटियाल, प्रधानाचार्य, एम.सी.एम. डी.ए.वी. महाविद्यालय, कांगड़ा-176001
11. डॉ. भूपिन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य, रा. महाविद्यालय, ठियोग, जिला शिमला।
12. डॉ. संजीव कुमार बरागटा, सह-आचार्य (राजनीतिक शास्त्र), हि.प्र.वि. सांध्याकालीन अध्ययन विभाग, शिमला-1
13. श्री सुरेश कुमार वर्मा, अधीक्षक ग्रेड-II, स्थापना शाखा, हि.प्र.वि., शिमला-5

कार्यकारिणी परिषद् की बैठक आरम्भ होने से पूर्व माननीय सदस्य आचार्य मोहन झारटा (सेवा निवृत) जी ने कार्यकारिणी परिषद् को अवगत करवाया कि आचार्य राजेन्द्र वर्मा जी की प्रति-कुलपति के पद पर नियुक्ति ओदश दिनांक 03.06.2023 के अनुसार 3 वर्ष के लिए कि गई है जिसकी अवधि दिनांक 2 जून, 2026 को समाप्त हो चुकी है इसलिए आचार्य राजेन्द्र वर्मा कार्यकारिणी परिषद् की बैठक में भाग नही ले सकते हैं।

माननीय सदस्य आचार्य मोहन झारटा (सेवा निवृत) जी द्वारा उठाई गई उपरोक्त आपत्ति पर आचार्य राजेन्द्र वर्मा जी ने कहा कि उनकी नियुक्ति विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 12-D के अन्तर्गत हुई है जिसकी उप-धारा 2 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रावधान हैं:-

**12-D Pro-Vice-Chancellor:-**

(2) Except as expressly provided in sub-section (4) and (5), the Pro-Vice-Chancellor, hold office for a term of three years from the date he enters upon his office and shall on the expiry of his office, be eligible for reappointment to that office;

Provided that notwithstanding the expiry of the term of his office, the Pro-Vice-Chancellor shall continue in office until his successor is appointed and enters upon his office.

आचार्य राजेन्द्र वर्मा जी के उपरोक्त कथन पर माननीय सदस्य आचार्य मोहन झारटा (सेवा निवृत) जी ने कार्यकारिणी परिषद् को अवगत करवाया कि उनकी नियुक्ति ओदश संख्या 4-86/96-GS दिनांक 03.06.2023 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 12-D की उप-धारा केवल 1 और 4 के अन्तर्गत हुई है इसलिए विश्वविद्यालय के अधिनियम की धारा 12-D का समस्त प्रावधान उनकी नियुचित पर लागू नही होता है, जोकि निम्न प्रकार से है:-

**12-D Pro-Vice-Chancellor:-**

(1) The Pro-Vice-Chancellor shall be whole time officer of the University. The Pro-Vice-Chancellor after the Commencement of the Himachal Pradesh University (Amendment) Act, 1996 shall be appointed by the Chancellor in consultation with the State Government, on such terms and conditions as the State Government may determine.

(4) A person appointed as Pro-Vice-Chancellor shall retire from office if during the term of his office or any extension thereof, he completes the age of 65 years.

कार्यकारिणी परिषद् द्वारा मामले पर गहन विचार-विमर्श करने के उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि मामले पर प्रदेश सरकार से तुरन्त स्पष्टिकरण प्राप्त किया जाए।

मद संख्या-1: कुलपति महोदय का वक्तव्य।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष-2026 की द्वितीय नियमित बैठक में उपस्थित समस्त सम्माननीय सदस्यों का मैं हार्दिक स्वागत् एवम् अभिनन्दन करता हूँ।

इस अवसर पर मैं, कार्यकारिणी परिषद् की वर्ष 2026 की इस द्वितीय नियमित बैठक में डॉ. सीता ठाकुर, अधिष्ठाता एवम् प्रधानाचार्य, इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, शिमला द्वारा कार्यकारिणी परिषद् की बैठकों में लिए गए सहयोग एवम् योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूँ।

कार्यकारिणी परिषद् की इस द्वितीय नियमित बैठक के दौरान निम्नलिखित प्रमुख कार्यक्रम, बैठकें, संगोष्ठियाँ और कार्यशालाऐं आयोजित की गईः-

1. दिनांक 30 मार्च 2026 हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला और Fraunhofer Institute of Solar Energy Systems, Germany (Online) and Introductory के मध्य समझौता-ज्ञापन पर ऑनलाईन हस्ताक्षर किए गए और जर्मन अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की गई।
2. दिनांक 02 अप्रैल 2026 Convent of Jesus and Mary, Chelsea, Shimla द्वारा पदभार ग्रहण समारोह कार्यक्रम में मुख्य-अतिथि एवम् मुख्य-वक्ता के रूप में भाग लिया।
3. दिनांक 03 अप्रैल 2026 को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, जालंधर (पंजाब) में आयोजित International Conference Chemical Constellation Energy C3-2026 "Next Generation Materials for Energy and Environment" के उद्घाटन समारोह में मुख्य-अतिथि एवम् मुख्य-वक्ता के रूप में भाग लिया।
4. दिनांक 04 अप्रैल 2026 को हिमाचल प्रदेश सचिवालय, शिमला में हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा सचिव की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 बैठक के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र-2026-27 से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला और सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मण्डी से संबद्ध चुनिंदा डिग्री कॉलेज़ों में स्नातक स्तर पर सेमेस्टर सिस्टम लागू करने और मल्टीपल एंट्री व एग्ज़िट के प्रावधानों पर चर्चा की गई।
5. दिनांक 07 अप्रैल 2026 को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्ज़, इंजीनियर भवन, निगम-विहार, शिमला में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के 39वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया।
6. दिनांक 08 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय प्रौद्योगिकी संस्थान (University Institute of Technology) के सालाना टैक्नो कल्चरल फेस्ट ''उत्कर्ष-2026'' के उद्घाटन सत्र में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।
7. दिनांक 20 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय के यू.जी.सी.-मालिवया मिशन टीचर ट्रेनिंग सैंटर द्वारा फैकल्टी इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।
8. दिनांक 24 अप्रैल 2026 को राजा वीरभद्र सिंह राजकीय महाविद्यालय, रोहड़ू में आयोजित NAAC आधारित बाईनरी एक्रेडिटेशन फ्रेमवर्क को समझना, मैच्योरिटी-आधारित पांच स्तरीय ग्रेडेड मॉडल का अवलोकन और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का कार्यान्वयन विषय पर आयोजित एक सप्ताह के FDP कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।
9. दिनांक 29 अप्रैल 2026 को हिमाचल प्रदेश के सभी सरकारी और प्राईवेट कालेज़ों के प्रिंसिपलों के लिए, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होने वाले अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए करिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क पर आधारित ओरिएंटेशन वर्कशॉप की अध्यक्षता की।
10. दिनांक 05 मई 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला, डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (MSHIPA, Shimla), और निदेशालय, उच्चतर शिक्षा के मध्य आपसी सहयोग और एकेडमिक पार्टनरशिप के तरीकों पर विस्तृत चर्चा और खोज़ करने के उद्देश्य से त्रिपक्षीय समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

11. दिनांक 07 मई 2026 को शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर में **"भारतीय ज्ञान प्रणालीः टिकाऊ भविष्य के लिए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण"** विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।

12. दिनांक 08 मई 2026 को राजकीय महाविद्यालय, शिमला द्वारा **"नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे ले जाना"** विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।

13. दिनांक 19 मई 2026 को विश्वविद्यालय विधिक अध्ययन संस्थान, शिमला द्वारा आयोजित किए गए सांस्कृतिक उत्सव ENVISION-2026 में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।

14. दिनांक 22 मई 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में ई.आर.पी. **(ऑनलाईन मॉड्यूट** सिस्टम) द्वारा जारी किए गए बिलों के प्री-ऑडिट से जुड़े मामलों पर चर्चा संबंधी आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

15. दिनांक 23 मई 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला तथा Cosmo Ferrites Limited, Jabli, District Solan (कॉस्मो फेराईट्स लिमिटेड, जाबली, जिला सोलन) के मध्य समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

16. दिनांक 26 मई 2026 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की के निदेशक प्रो. के.के.पंत, Council for Scientific and Industrial Research, Central Building Research Institute, Roorkee (CSIR-CBRI, Roorkee), Geohazard Group Head and Chief Scientist, Roorkee प्रो. डी. पी. कानूनगो और के प्रो. प्रदीप कुमार रामनचारला, Group Head and Chief Scientist of AIMS डॉ. एस. के. पाणिग्रही, और प्रो. अमित धीमान, Head, Centre for Excellence in Disaster Mitigation and Management (CoEDMM) के साथ बैठक में भाग लिया।

    हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला और Indian Institute of Technology, Roorkee और Council for Scientific and Industrial Research, Central Building Research Institute, Roorkee (CSIR-CBRI, Roorkee)(CSIR-CBRI, Roorkee) के मध्य डिज़ास्टर रिस्क रिडक्शन एंड रेज़िलिएंस (Disaster Risk Reduction and Resilience, Artificial Intelligence, Green Energy, Structural Engineering, Construction Material, Fire Safety, Infrastructure Resilience, Design Mitigation and Sustainable Build Environment में रिसर्च, डेवेलेपमेंट और इनोवेशन के साथ-साथ कंसलटेंसी गतिविधियों संबंधी समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

17. दिनांक 26 मई 2026 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के मध्य इंजीनियरिंग. रिसर्च, मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर, हिमालयी खतरों/चुनौतियों, हाईड्रोलॉजी और आपदा जोखिम को कम करने जैसे क्षेत्रों में संयुक्त एकेडमिक, रिसर्च, ट्रेनिंग और कंसलटेंसी से जुड़ी गतिविधियों के ज़रिए उच्च योग्यता वाली जनशक्ती की उपलब्धता को मज़बूत करने संबंधी समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

18. दिनांक 28 मई 2026 को विश्वविद्यालय के समिति-कक्ष में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के निदेशक, अनुसंधान एवम् विकास प्रकोष्ठ, फैकल्टी सदस्यों तथा ओस्लो मैट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी, नॉर्वे के मैकेनिकल, इलैक्ट्रिकल और कैमिकल इंजीनियरिंग विभागों के फैकल्टी सदस्यों तथा छात्रों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ आयोजित संयुक्त बैठक की अध्यक्षता की।

19. दिनांक 01 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में स्थापित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण द्वारा आयोजित पब्लिक पॉलिसिज़, एडमिनिस्ट्रेशन और सोशियो-पॉलिटियल ट्रांसफॉर्मेशन पर दो हफ्तों की कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।

20. दिनांक 01 जून 2026 को एम.सी.एम. डी.ए.वी कॉलेज़, कांगड़ा द्वारा आयोजित डेटा-संचालित क्वांटम युग में हरित ऊर्जा और आपदा-रोधी क्षमता में बहु-विषयक नवाचार पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।

21. दिनांक 01 जून 2026 को विश्वविद्यालय सभागार में कुलपति के रूप में एक-वर्ष का सफलतापूर्वक कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों (इलैक्ट्रॉनिक और प्रिंट

मीडिया), विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के फैकल्टी सदस्यों, विश्वविद्यालय के छात्र-समुदाय और गैर-शिक्षक कर्मचारियों को संबोधित किया।

22. दिनांक 02 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के रामानुजन सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज़ सिस्टम्स एंड इंडियन मैथेमैटिक्स के द्वारा PM-USHA-MERU के अन्तर्गत वित्तपोषित "भारतीय ज्ञान प्रणाली में अनुसंधान के नए आयाम" और "कौशल-आधारित पाठ्यक्रमों की रूपरेखा" पर आयोजित सेमिनार के उद्घाटन समारोह में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।
23. दिनांक 05 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में 'एंटी-चिट्टा' और 'स्वच्छ पर्यावरण जागरूकता मिनी मैराथन-2026' अभियान में भाग लिया।
24. दिनांक 06 जून 2026 को भारतीय सेना के अधिकारियों तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के मध्य आयोजित इस सार्थक संवाद में विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा तक सीमित न रखते हुए व्यावहारिक एवं समसामयिक दृष्टिकोण से जागरूक बनाने पर वर्तमान राष्ट्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों, उभरते सुरक्षा खतरों, बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्यों तथा उनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तृत चर्चा तथा राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी विषयों के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।
25. दिनांक 06 जून 2026 को बौद्धिक संपदा अधिकारी एवम् नवाचार पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अन्तर्गत, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला तथा Enoable IP Consultancy Pvt. Ltd., Noida तथा के मध्य बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, नवाचार एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा पेटेंट, कॉपीराईट, ट्रेडमार्क एवं अन्य IPR संबंधी गतिविधियों को सशक्त बनाने पर एक समझौता-ज्ञापन Memorandum of Understanding (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए।
26. दिनांक 06 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में भारतीय सेना के 136 (इंडिपेंडेंट) ईन्फेंट्री ब्रिगेड ग्रुप के सहयोग से "सूर्य संवादः जियो-स्ट्रेटेजी अनप्लग्ड" विषय पर वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य में हो रहे परिवर्तनों, समकालीन संघर्षों के विविध आयामों, सामरिक लाभ हेतु भू-राजनीतिक के प्रभावी उपयोग, राष्ट्र-निर्माण में नागरिकों एवं सैन्य बलों की भूमिका, नागरिक-सैन्य समन्वय तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं के योगदान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सारगर्भित विचार-विमर्श पर एक विचारोत्तेजक समूह पर आयोजित चर्चा में भाग लिया।
27. दिनांक 15 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर योग थेरेपी (योग चिकित्सा), एक्यूप्रेशर थेरेपी, मुद्रा थेरेपी एवं वैकल्पिक चिकित्सा विषयों पर आयोजित दो-दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।
28. दिनांक 16 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला तथा हिमाचल प्रदेश स्थित स्टार्टअप Eco Thrive Innovation LLP के मध्य "उन्नत सततता एवं हरित ऊर्जा पहल" राज्य में नवाचार, सतत विकास, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व तथा उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा विश्वविद्यालय एवं उद्योग जगत के मध्य सहयोग को सुदृढ़ करते हुए हरित प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, अनुसंधान, कौशल विकास तथा नवाचार-आधारित समाधानों को बढ़ावा दिए जाने, युवाओं को पर्यावरण-अनुकूल एवं आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश को सतत विकास के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
29. दिनांक 19 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परिसर में हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमन्त्री श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु, मुख्य-अतिथि के द्वारा मल्टी-फैकल्टी ब्लॉक, फेज-III (Multi-Faculty Phase-III), कम्प्यूटर प्रयोगशाला-सह-कम्प्यूटर आधारित परीक्षा लैब (Computer Laboratory-cum-Computer Based Test - CBT) उद्घाटन एवं पुरानी डिस्पैंसरी भवन के स्थान पर निर्मित किए जाने वाले नए शैक्षणिक ब्लॉक (एकेडेमिक ब्लॉक) के शिलान्यास उद्घाटन समारोह अवसर पर भाग लिया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमन्त्री, हिमाचल प्रदेश ने विश्वविद्यालय में स्थापित Scientific Labs में कुलपति और विश्वविद्यालय के छात्र समूह के साथ गहनता से विचार-विमर्श किया तथा छात्रों को Green Hydrogen, Electrical Vehicle पर Projects submit करने के लिए विशेष तौर पर प्रोत्साहित किया।
30. दिनांक 20 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला के "पहाड़ी संस्कृति एवं विरासत केन्द्र" द्वारा आयोजित "पहाड़ी संस्कृति एवं विरासत" विषयक एक दिवसीय कार्यशाला में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।
31. दिनांक 21 जून 2026 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के योग अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित द्वादश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में मुख्य-अतिथि के रूप में भाग लिया।

अब मैं, विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री ज्ञान सागर नेगी जी से आग्रह करता हूँ कि आज के लिए प्रस्तावित मदों को कार्यकारिणी परिषद् के सम्मुख रखते हुए विस्तृत चर्चा तथा निर्णय हेतू प्रस्तुत करें।

मद संख्या-2: कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 28.03.2026 में लिए गए निर्णयों का पुष्टिकरण।

...............

कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठक दिनांक 28.03.2026 की कार्यवाही को अनुमोदित किया।

मद संख्या-3 : कार्यकारिणी परिषद् की पिछली बैठक दिनांक 28.03.2026 में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई का विवरण।

...............

**कार्यकारिणी परिषद् ने पिछली बैठक दिनांक 28.03.2026 में लिए गए निर्णयों को निम्नलिखित संशोधनों सहित अनुमोदित किया:-**

मद संख्या-13: To report the action taken of the decision taken by the Executive Council in its meeting held by circulation on 21.02.2026 vide item No. 1 in the matter of Dr. Vijay Singh, Assistant Professor of Public Administration, ICDEOL/CDOE, who got job on the basis of false/ fake certificates obtained from National Institute of Open Schooling Govt. of India, New Delhi.

...............

निर्णयः The Executive Council perused and noted the action taken.

संशोधित निर्णयः **The Executive Council approved the action taken with regard to termination of the services of Dr. Vijay Singh, Assistant Professor of Public Administration, ICDEOL/ CDOE.**

मद संख्या-4: कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 12-C(7) में निहित शक्तियों के अन्तर्गत लिए गए निर्णयों से अवगत करवाने हेतु।

...............

कुलपति महोदय ने उपरोक्त निहित शक्तियों के अंतर्गत कोई कार्रवाई नहीं की है।

मद संख्या-5: कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से यदि कोई मद प्राप्त बारे।

...............

कार्यकारिणी परिषद् के सम्माननीय सदस्यों से निर्धारित समयावधि के भीतर कोई मद प्राप्त नहीं हुआ है।

मद संख्या-6: To place before the Executive Council the matter regarding sponsoring of panel of six experts in place of ten experts for ratification/ approval.

...............

निर्णयः **Approved.**

मद संख्या-7: To place before the Executive Council the matter regarding change of name of Institute of Vocational Studies to "Institute of Tourism and Hospitality Management" for consideration and approval.

...............

निर्णयः **The Executive Council after detail deliberations granted its approval to change the name of Institute of Vocational Studies to "Institute of Tourism and Hospitality Management".**

**Director, Higher Education and Dr. Bhupinder Singh Thakur, Hon'ble Members of the Executive Council raised the issue of starting M.Voc. Course in the University to facilitate the students of B.Voc. who are studying in the various colleges of the University. After detail deliberations the Executive Council agreed in principal to start the same at University level. The Hon'ble Member Shri Harish Janarth desired that the course of Horticulture Management may be started in proposed M.Voc. course. The Council after detail deliberations desired that proposal in this regard be prepared.**

मद संख्या-8: To place before the Executive Council the recommendations of the Committee dated 03.4.2024, enclosed as Annexure-A, for its kind perusal and orders as deemed fit.

...............

निर्णयः **The Executive Council after detail deliberations approved to waive off the whole amount of the penalty.**

मद संख्या-9: विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 37 के प्रावधान के अनुसार हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन 2023-24 कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष विचारार्थ व अनुमोदन हेतु।

...............

निर्णयः अनुमोदित।

मद संख्या-10: To place before the Executive Council the matter regarding filling up the vacant posts of Medical Officer (s) in the Health Centre of HP University, Shimla to ensure uninterrupted healthcare services to students, employees, pensioners and other beneficiaries.

...............

निर्णयः **The Executive Council after detail deliberations approved that the matter may be taken up with the State Govt. to grant permission to fill up the following vacant post(s) on deputation basis in the HP University Health Centre being essential services:-**

| Sr. No. | Name of the Post | No. of Posts |
|---|---|---|
| 1 | Medical Officer (Allopathic) | 2 |
| 2 | Medical Officer (Dental) | 1 |
| 3 | Staff Nurse/ Ward Sister | 1 |
| 4 | Lab. Technician | 1 |
| 5 | Mid-Wife (now Auxiliary Mid-Wife) | 1 |
| 6 | Male Dresser | 1 |

## अनुपूरक मदें:

मद संख्या-1: In continuation of the decision taken by the Executive Council in its meeting held on 02.01.2026 and in view of the subsequent developments in the matter, the case is again placed before the Executive Council to allow the Centre for Distance and Online Education (CDOE), Himachal Pradesh University, to undertake all mandatory works through Government of India Public Sector Undertakings (PSUs), as assessed by the Committee in its report dated 24.11.2025 (placed at Annexure-"A") and to accord approval for the expenditure of approximately Rs. 8.03 crore out of the Student Fund/Amalgamated Fund, CDOE, incurred towards fulfillment of all codal formalities, procurement of land and building documents, and renovation works of the Learning Resource Centre (LRC), Noida, located at Plot No. B-13, Sector-62, LRC, Noida, UP in order declare the unit functional as per prevailing policy of the Noida Authority. The execution of the aforesaid works shall be carried out through the Construction Division, Himachal Pradesh University, and the requisite funds of approximately Rs. 8.03 crore shall be transferred from CDOE to

the Construction Division, HP University, for kind consideration and approval of the Council.

...............

निर्णयः **In order to make the LRC functional as per prevailing policy of the Noida Authority, the Executive Council after detail deliberations granted its approval to transfer the requisite fund i.e. Rs. 8.03 crore from CDOE to Construction Division of the University to incur towards fulfillment of all codal formalities which are mendatory to obtain NOC from the Noida authority. All the mendatory works will be undertaken through Government of India Public Sector Undertaking (PSUs), as assessed by the Committee in its report dated 24.11.2025.**

मद संख्या-2: Recruitment of Non-Teaching staff of different categories.

...............

निर्णयः **The Executive Council after detail deliberations authorized Vice-Chancellor to identify at least 75 functional posts of Non-Teaching and Technical Staff which needs to be filled up urgently. The Council further gave its approval to take up the matter with the State Govt.**

मद संख्या-3: To place before the Executive Council action taken on the decision of the Executive Council in its meeting held on 02.01.2026 vide supplementary item No. 7 in respect of Dr. Varun Abrol, Assistant Professor (MBA/PGDPM & LW) ICDEOL for non-joining of duties willful absence and his removal from the services of the University w.e.f. 10.05.2025.

...............

निर्णयः **The Executive Council perused and approved the action taken.**

मद संख्या-4: To place before the Executive Council action taken on the decision of the Executive Council in its meeting held on 02.01.2026 vide item No. 8 in respect of Dr. Sanjeet Sharma, Assistant Professor of Business Administration, University College of Business Studies, Shimla-4 regarding re-examine the determine the eligibility of his next promotion i.e. Associate Professor.

...............

निर्णयः **The Executive Council approved the recommendations dated 04.06.2026 of the Committee constituted vide notification No. 10-23/2023- HPU (Estt.) dated 29.05.2026 and further orders that the case of Dr. Sanjeet Sharma, Assistant Professor may be processed accordingly. Further the Council authorized the Vice-Chancellor to constitute a committee to examine the other similar cases.**

मद संख्या-5: हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय वर्ष 2019–2020 के वार्षिक लेखे तथा लेखा परीक्षा प्रतिवेदन को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अधिनियम, 1970 (संशोधित) धारा–29 के प्रावधानों के अनुरूप हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद् की बैठक के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करने बारे।

...............

निर्णयः अनुमोदित।

<u>मद संख्या-6:</u> To place before the Executive Council the matter of ratification approval regarding further extension of the agreement of Managed Service Model (MSM) of ERP and On Screen Evaluation System (OSES) for a period of three years each respectively (w.e.f. 8th March, 2026 to 7th March, 2029) with M/s ITI Ltd., New Delhi (A Govt. of India Undertaking), for continued support in managing various Online academic, administrative and examination activities of HP University, as the existing agreements expired on 07.03.2026.

...............

निर्णय: **The Executive Council after detail deliberations granted its approval to extend the agreement of Managed Service Model (MSM) of ERP and On Screen Evaluation System (OSES) for a period of six months further extendable for three months.**

**The Council also desired that the company may be asked to share all the data of University with the authorized officials of the University and student data may also be shared within 15 days. It was also desired that the Non-Teaching Staff of the University may also be trained with the work within 3 months.**

<u>मद संख्या-7:</u> Approval for Commencement of Ph.D., M.Tech., PG Diploma and Certificate Programmes in the Centre for Green Energy and Nanotechnology (C-GENT), Himachal Pradesh University, Shimla.

...............

निर्णय: **Approved.**

<u>मद संख्या-8:</u> Approval for Grant of Joint Full Supervision to Scientists of INMAS-DRDO for Ph.D. Research at Himachal Pradesh University, Shimla.

...............

निर्णय: **Approved.**

## <u>यथा स्थान मदें:</u>

<u>मद संख्या-1:</u> To place before Executive Council regarding rectification in Library Security Fee (Refundable) for LL.B. Course at HPU Regional Centre, Khaniyara, Dharamshala.

...............

निर्णय: **Approved. The Council further desired that the matter with regard to furnishing wrong information may also be enquired.**

<u>मद संख्या-2:</u> To place before the Executive Council the recommendations of the Standing Committee of Academic Council vide item No.10 in its meeting held on 05.05.2026 for consideration and approval.

...............

निर्णय: **Approved as per Annexure.**

**The Council further desired that the comparison of previous fees, fee proposed by Recourse Mobilization Committee (RMC) and actual revised fees with percentage of hike may be uploaded in the official website of the University.**

<u>मद संख्या-3:</u> To place before the Executive Council the matter pertaining to the University Development Fund as notified vide Notification No. 5-25/2013-HPU (Acad.)-(II) dated 22.04.2026 and 12.05.2026 for consideration and appropriate decision.

..............

निर्णयः **Approved.**

**The Council further desired that affiliation fees of HP University which are pending from 17 colleges which are now affiliated to Sardar Patel University, Mandi may be recovered at the earliest and only those colleges who have obtained NOC after paying affiliation fee from Sardar Patel University, Mandi may be allowed to participate in the counselling.**

<u>मद संख्या-4:</u> Regarding condoning of the shortfall in notice period for voluntary retirement from the University services.

..............

निर्णयः **The Executive Council after detail deliberations approved that Dr. Anupama Singh Prof. Deptt. of Public Administration, ICDEOL/CDOE shall retire from the services of the University on afternoon of 28.07.2026.**

<u>मद संख्या-5:</u> To place before the Executive Council, the recommendations of the Committee constituted to examine and recommend the Empanelment /appointment of Adjunct Faculty in the Department of Mathematics and Statistics.

..............

निर्णयः **Approved.**

<u>मद संख्या-6:</u> To place before the Executive Council the request of Ms. Ruchi Thakur, a student of M.Phil. (Mathematics) session 2019-20 for grant of special chance to complete her M.Phil. Degree.

..............

निर्णयः **The Executive Council granted its approval to grant special chance for all M.Phill students from academic year 2019-2020.**

<u>मद संख्या-7:</u> The board of Studies and the Faculty of Education, in their meetings held on 18.06.2026 at 2:30 pm and 04:00 pm respectively, in the Office of Head, Department of Teacher Education, HP University, Shimla-5 through blended mode.

..............

निर्णयः **The Executive Council gave its approval for the proposal with the condition that no additional financial burden will be incurred upon HP University. Both faculty and infrastructure will be managed from the existing resources.**

<u>मद संख्या-8:</u> Representation of College Cadre Teacher in the Executive Council of Himachal Pradesh University.

..............

निर्णयः **On the representation submitted by Dr. Bhupinder Singh Thakur, Principal, GDC, Theog, Shimla, Member Executive Council, the Council after detail deliberations has granted its approval to initiate suitable amendments in the relevant provision of Act/ Statutes with regard to elect one representative from the cadre of Associate Professor and Assistant Professor of Affiliated Govt. Degree Colleges to the Executive Concil.**

<u>मद संख्या-9:</u> To place before the Executive Council the proceedings of the Standing Committee of Academic Council held on 24.06.2026 for consideration and ratification.

……………

निर्णयः **Approved.**

## यथा स्थान प्रतिवेदनः

1– कार्यकारिणी परिषद् ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई (ABVP) द्वारा सौंपे गए अभ्यावेदन पर चर्चा की जिन्हें कुलपति महोदय ने मदवार मांग–पत्र परिषद् के समक्ष पढ़कर प्रस्तुत किए और कार्यकारिणी परिषद् को सूचित किया कि छात्र–संगठनों द्वारा समय–समय पर उठाई गई उनकी उचित मांगों पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा चुकी है और कुछ पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त कुलपति महोदय ने कार्यकारिणी परिषद् को अवगत करवाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्र हित के मुददों के प्रति सदैव तत्पर रहता है और छात्रों द्वारा प्रस्तुत मांग पत्रों पर उचित कार्यवाई प्रशासनिक स्तर पर अमल में लाई जाती रही है।

……………

**कार्यकारिणी परिषद् ने प्रतिवेदन पर विचार करने के उपरान्त क्रम संख्या–5 पर वर्णित मांग "NEP के अंतर्गत UG स्तर पर प्रत्येक महाविद्यालय के अंदर B.Sc. पर्यावरण विज्ञान पाठ्यक्रम को Main course में शुरू किया जाए" को अनुमोदित किया और मामले का परीक्षण/आगामी कार्यवाई करने हेतु सम्बन्धित शाखा को भेजने हेतु आदेशित किया और मांग पत्र में वर्णित अन्य मांगों को भी सम्बन्धित शाखाओं/ विभागों को आगामी कार्यवाई बारे अग्रेषित करने हेतु आदेशित किया।**

2– श्री मनोज कुमार सुपुत्र श्री साजनू राम, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के Department of Evening Studies के छात्र ने B.Com की डिग्री पूर्ण करने हेतु एक विशेष अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया है।

……………

**कार्यकारिणी परिषद् ने प्रतिवेदन को परीक्षण करने हेतु सम्बन्धित शाखा को अग्रेषित करने हेतु आदेशित किया।**

3– तीन मैस सहायक श्री मुकेश, श्री राकेश और श्री जय राम जोकि पिछले सात सालों से स्टूडेंट्स पेड पर कार्यरत हैं, ने प्रार्थना की है कि उन्हें स्टूडेंट्स पेड से दैनिक भोगी करने की कृपा करें।

……………

**कार्यकारिणी परिषद् ने प्रतिवेदन पर विचार करने के उपरान्त यह निर्णय लिया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में चल रहे मैस के लिए वर्तमान में स्वीकृत पदों व उसके विरूद्ध तैनात नियमित मैस हैल्परों का ब्यौरा तथा मैस में तैनात स्टूडेंट्स पेड मैस हैल्परों को दैनिक वेतन भोगी आधार पर परिवर्तित करने हेतु मामले का परीक्षण किया जाए और मामले को पूर्ण तथ्यों/औचित्य सहित वित्त समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाए।**

4– माननीय विधायक श्री हरीश जनारथा जी ने ठेकेदारों द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन जिसमें विश्वविद्यालय में नव निर्माण कार्य PWD पंजीकृत ठेकेदारो से पूर्ण करवाने कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष रखा।

……………

**कार्यकारिणी परिषद् ने प्रतिवेदन को निर्माण मण्डल को परीक्षण कर व उचित कार्यवाई करने बारे अग्रेषित करने हेतु आदेशित किया।**

5– डॉ० जोगिन्द्र कुमार, पूल ऑफिस, हि० प्र० विश्वविद्यालय ने पूल ऑफिसर का एक पद सृजित करने हेतु प्रतिवेदन कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया।

……………

**कार्यकारिणी परिषद् ने प्रतिवेदन को वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया।**

## यथा स्थान चर्चाऐं:–

1. कार्यकारिणी परिषद् के माननीय सदस्यों द्वारा B.Ed. के सत्र 2015–16 से 2017–18 तक के छात्रों को जोकि अपनी डिग्री पूर्ण नही कर पाए हैं उन्हें डिग्री पूर्ण (degree completion) करने और श्रेणी सुधार (improvement of division) हेतु एक विशेष अवसर प्रदान करने बारे मामला कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष उठाया गया जिस पर चर्चा उपरान्त कार्यकारिणी परिषद् ने सत्र 2015–16 से 2017–18 के सभी छात्रों को रू० 20,000/– प्रति समेस्टर के साथ अपनी डिग्री पूर्ण करने और श्रेणी सुधार हेतु एक विशेष अवसर प्रदान करने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया।

2. कार्यकारिणी परिषद् के सदस्य डॉ० भुपिन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के पद को सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने हेतु अनुरोध किया जिस पर कार्यकारिणी परिषद् ने उक्त पद को सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने हेतु प्रक्रिया शीघ्र ही आरम्भ करने बारे आश्वासन दिया।
   माननीय सदस्य द्वारा यह भी मामला उठाया गया कि प्रदेश के महाविद्यालयों में B.P.Ed. का पाठ्यक्रम पढाया जा रहा है तथा अनुरोध किया कि विश्वविद्यालय में M.P.Ed. पाठ्यक्रम को आरम्भ किया जाए जिस पर कार्यकारिणी परिषद् ने मामले का परीक्षण कर एक विस्तृत प्रस्ताव कार्यकारिणी परिषद् के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु ओदशित किया।

3. कार्यकारिणी परिषद् के माननीय सदस्य आचार्य मोहन झारटा (सेवा निवृत) द्वारा आचार्य सिकन्दर कुमार (सेवा निवृत) द्वारा विश्वविद्यालय के आवास को तुरन्त खाली करवाने बारे कार्यरवाई सुनिश्चित करने हेतु मामला उठाया गया जिस पर कुलपति महोदय ने कार्यकारिणी परिषद् को सूचित किया कि मामला प्रक्रियाधिन है तथा उक्त आवास को खाली करवाने हेतु आवश्यक कानूनी प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है।

4. माननीय विधायक श्री हरीश जनारथा जी ने निर्माण मण्डल के कर्मचारियों को हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग में समायोजित करने का मामला परिषद् के समक्ष उठाया। उन्होंने निर्माण मण्डल में स्थानीय ठेकेदारों को bid के आधार पर कितने कार्य आबंटित किए गए हैं का ब्यौरा कार्यकारिणी परिषद् की आगामी बैठक में उपलब्ध करवाने बारे चाहा गया है।

अन्त में कुलसचिव के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव
सदस्य-सचिव

पुष्टिकरण
(आचार्य महावीर सिंह)
कुलपति/सभापति

Annexure - 'A'

Annexure to on spot Item No.2

| First Ordinance of H.P. University | Existing provision | Proposed provision |
|---|---|---|
| Clause 7.4 (b) | "The Himachali Candidates belonging to the SC/ST Categories and Women candidates of Himachal Pradesh will be allowed to enrol with ICDEOL in B.A. only by paying a fee of **Rs. 500/- as ICDEOL registration fee** and a fee of **Rs. 500/- for the Study Material (SLM).** Such candidates shall be considered the students of ICDEOL for all purposes". | "The Himachali Candidates belonging to the SC/ST Categories and Women candidates of Himachal Pradesh will be allowed to enrol with CDOE in B.A. only by paying a fee of **Rs. 800/-** as **CDOE PCP fee** and a fee of **Rs. 800/- for the Study Material (SLM)** per semester. Such candidates shall be considered the students of CDOE for all purposes". |

Deputy Registrar (Acad)
Himachal Pradesh University
Summer Hill Shimla-171005